# FIRST TERMINAL EXAMINATION 2017 - 2018

## PART - II

## HINDI

**Score : 80**
*Time : 2 ½ hrs*
*Cool off time : 15 Minutes*

**HSE - II**

**सामान्य निर्देश :**

- प्रश्न-पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर सूचना के अनुसार लिखें।

**सूचनाः शब्दों का सही मिलान करें।** (1 × 4 = 4)

1.

| | |
|---|---|
| विधवा | यतीम |
| इनाम | मुल्क |
| देश | बेवा |
| अनाथ | तोहफ़ा |

**सूचनाः कवितांश पढ़ें और 2 से 5 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

नीलांबर परिधान हरित पट पर सुंदर है।
सूर्य-चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है।।
नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं।
बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है।।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की।
हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की।।

2. यह किस कविता का अंश है? (1)
3. मातृभूमि का सिंहासन क्या है? (1)
4. कवि ने प्रकृति के किन-किन दृश्यों द्वारा मातृभूमि का वर्णन किया है? (2)
5. द्विवेदी युगीन प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालते हुए कवितांश की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (7)

**सूचनाः प्रश्न 6 में से किसी एक का उत्तर लिखें।** (1 × 4 = 4)

6. (क) 'बेटी के नाम' पाठ के निम्नलिखित वाक्यों के आधार पर बादशाह के **चरित्र पर टिप्पणी** लिखें।

- "खत क्या भेजा, मेरी जान, आँसूनामा था।"
- "दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते, कि मैं भी उनको रोता हूँ।"

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित जीवन-वृत्त के आधार पर हिमांशु जोशी के बारे में एक **अनुच्छेद** तैयार करें।

| जीवन-वृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | हिमांशु जोशी |
| जन्म | : | 1935 |
| जन्मस्थान | : | उत्तराखंड |
| कार्यक्षेत्र | : | साहित्यिक रचना, पत्रकारिता, आकाशवाणी |
| प्रमुख रचनाएँ | : | यात्राएँ, नॉर्वेः सूरज चमके आधी रात आदि |

**सूचनाः निम्नलिखित गद्यांश पढ़ें और 7 से 11 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

मॉरिशस, त्रिनिदाद, ब्रिटेन के पश्चात् 'विश्व हिंदी सम्मेलनों' की यह सातवीं यात्रा है - सातवीं मंज़िल। एक सौ तीस साल पहले जो प्रथम भारतीय श्रमिक यहाँ आए थे, उनके आगमन की स्मृति में इस 'हिंदी महापर्व' का आयोजन हो रहा है। भारत के अलावा अनेक देशों के हिंदी लेखक, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी प्रचारक, हिंदी सेवी अपनी उपस्थिति का अहसास जता रहे हैं।

7. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? (1)
8. सूरीनाम में 'हिंदी महापर्व' का आयोजन क्यों हो रहा है? (2)
9. विश्व हिंदी सम्मेलन में कौन-कौन भाग ले रहे हैं? (3)
10. उपर्युक्त खंड का **संक्षेपण** करें। (7)
11. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक दें। (1)

**सूचनाः निम्नलिखित सुर्खियाँ पढ़ें।**

| "पेड़-पौधे मत करो नष्ट<br>साँस लेने में होगा कष्ट" | "पेड़ लगाओ, देश बचाओ<br>पेड़ लगाओ जीवन बचाओ" |
|---|---|

12. विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य सरकार की ओर से एक करोड़ पेड़ लगाने का आयोजन किया गया है। इसके लिए एक आकर्षक **पोस्टर** तैयार करें। इसका नारा है - 'पेड़ : पर्यावरण का रक्षा कवच'। (7)

**सूचनाः 'मेरे लाल' पद का अंश पढ़ें और 13 से 15 तक का उत्तर लिखें।**

सुतमुख देखि जसोदा फूली।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई।
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई।।

13. 'युवति' का समानार्थी शब्द ढूँढकर लिखें। (1)

14. यशोदा अपने आपको क्यों भूल जाती है? (2)

15. पद का **भावार्थ** लिखें। (5)

**सूचना : 'सूरीनाम में पहला दिन' पाठ का यह अंश पढ़ें और 16 से 17 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

"अतीत का यह पढ़ा आज प्रत्यक्ष देख रहे हैं - विमान से झाँक रहे हैं - नीला जल, काले-घने बादल और दूर कहीं हरियाली के छींटे।"

16. लेखक विमान से क्या देख रहे हैं? (1)

17. लेखक और किसी यात्री के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें। (7)

**सूचनाः 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर लिखें।** $(3 \times 8 = 24)$

18. ब्रिटीश सरकार ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई को परास्त करके दिल्ली के शासक बहादुरशाह ज़फ़र को रंगून भेज दिया। मान लें, अगले दिन यह घटना समाचार पत्र में आयी। वह **समाचार** तैयार करें।

सहायक संकेत-

- प्रथम स्वतंत्रता संग्राम।
- बादशाह रंगून में कैद।
- अंग्रेज़ों की जीत।
- कुलसुम बेगम भारत में कैद।
- दिल्लीवालों की बुरी हालत।

19. "भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना। इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना। बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना। हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ।" गद्यांश के आधार पर 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर **भाषण** तैयार करें।

सहायक संकेत:
- साक्षर भारत।
- स्वस्थ भारत।
- स्वच्छ भारत।
- भेद-भाव रहित भारत।

20. 'बेटी के नाम' पाठ का यह अंश पढ़ें और **डायरी** लिखें।

"फिर वही हुआ, जिसका डर था। हमारा खर्चा आधा कर दिया गया।"

सहायक संकेत:
- मुसलमानों द्वारा तोहफ़ा लाना।
- बादशाह द्वारा मलिका का हार देना।
- अंग्रेज़ों का हुक़्म आना।
- बादशाह की परेशानियाँ बढ़ना।

21. सुंदर और सफेद दाँतों के लिए तैयार किए गए दंतमंजन के लिए एक **विज्ञापन** तैयार करें।

सहायक संकेत:
- मज़बूत मसूडे।
- दुर्गंध से मुक्ति।
- कीटाणुओं से मुक्ति।
- प्रकृतिजन्य दंतमंजन।
- कम दाम।

22. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में **अनुवाद** करें।

My mother is the most important person in my life. She always helps and advices me to lead a good life. She diligently takes care of our family. She has proved with hardwork and determination that anything is possible.

(Advice - उपदेश, Diligently - लगन से, Determination - दृढ़-संकल्प)